# बिगड़ी मेरी बना दे | By Mukesh Bagda |

बिगड़ी मेरी बना दे,
दुखड़े मेरे मिटा दे,
सुन ले ये विनती मेरी,
प्रभु लाज रखना मेरी,
सुन ले तू विनती मेरी,
प्रभु लाज रखना मेरी।

तेरे नाम लिखा ये जीवन,
हमने तो प्रभु सारा,
कुछ भी नहीं है मेरा अपना,
जो कुछ है वो तुम्हारा,
सेवा करूँ मैं तेरी,
पूजा करूँ मैं तेरी,
सुन ले ये विनती मेरी,
प्रभु लाज रखना मेरी।

रो रो के तेरी याद में,
मोहन जीवन मैंने बिताया,
तब जाकर कहीं मैंने सांवरिया,
मुश्किल से तुझे पाया,
टूटे ना साथ अपना,
पूरा हो मेरा सपना,
सुन ले ये विनती मेरी,
प्रभु लाज रखना मेरी।

इस जीवन के भव सागर से,
पार लगा मेरी नैया,
कैसे संभालूँगा तूफ़ा को,
बन जा तू मेरा खिवैया,
अपना बना ले कान्हा,
दिल में बसा ले कान्हा,
सुन ले ये विनती मेरी,
प्रभु लाज रखना मेरी।

खाली हाथ ना जाऊँगा मैं,
सुन ले ओ श्याम बिहारी,
डाल दे मेरी झोली में भी,
भीख दया की स्वामी,
चरणों में तेरे बीते,
जीवन 'अमन' का सारा,
सुन ले ये विनती मेरी,
प्रभु लाज रखना मेरी।

बिगड़ी मेरी बना दे,
दुखड़े मेरे मिटा दे,
सुन ले ये विनती मेरी,
प्रभु लाज रखना मेरी,

सुन ले तू विनती मेरी,
प्रभु लाज रखना मेरी।

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%97%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%87-by-mukesh-bagda/